


स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569


### बगिया में मुख्यमंत्री से जनदर्शन में युवकों ने रखी थी मांग

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक की सुविधा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के लगभग सप्ताह भर पहले गृह क्षेत्र में आगमन के दौरान कुनकुरी के युवाओं ने शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में ब्लड बैंक स्थापना की मांग रखी थी। इसका शुभारंभ सोमवार को मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने किया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल द्वारा कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक की सुविधा प्रारंभ कराने से नगर वासियों में हर्ष व्याप्त है। ब्लड बैंक शुभारंभ के अवसर पर एक संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय के साथ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रोहित साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, कैलाश नाथ गुप्ता, एसडीएम श्रीमती श्यामा पटेल, बीएमओ श्रीमती के कुजूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने ब्लड बैंक का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नगरवासियों की कई दिनों से यह मांग चली आ रही थी, कि कुनकुरी नगर में शासकीय ब्लड बैंक की स्थापना हो और वह आज पूर्ण हो गई है। आज का दिन भी शुभ है कि आज भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर का शुभारंभ हुआ है और इधर स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक का। दान किसी भी प्रकार का हो वह अमूल्य होता है चाहे वह श्रमदान हो या रक्तदान या धन का दान हो। इस अवसर पर पूर्व विधायक रोहित साय व वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नाथ गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए ब्लड बैंक की स्थापना से क्षेत्र तथा मरीजों को मिलने वाले लाभ से अवगत कराया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दर्शन ने किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त डॉक्टर व स्टॉफ उपस्थित रहे। बीएमओ डॉक्टर श्रीमती के कुजूर के आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का समापन किया गया।

**कुनकुरी वासियों की मांग हुई पूरी**



ब्लड बैंक का शुभारंभ करतीं कौशल्या साय।

**प्रमाण-पत्र के साथ रक्तदाता हुए सम्मानित**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक के शुभारंभ के अवसर पर लगभग 10 लोगों ने रक्तदान भी किया। रक्तदाताओं से मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने मुलाकात भी की। समारोह में रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत दो माह में लगभग 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया है।

## नवनिर्मित चित्रगुप्त मंदिर में 26 को होगी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सारूडीह में भगवान चित्रगुप्त का मंदिर तैयार हो चुका है। मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा 26 जनवरी को होगी। समाज की ओर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिला महामंत्री संजय कुमार वर्मा ने बताया, कायस्थ समाज द्वारा जशपुर के सारुडीह में अत्यंत ही भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर के निर्माण में समाज के लोगों का योगदान रहा है।



कार्यक्रम को लेकर समाज में काफी उत्साह है। कायस्थ समाज के युवा, महिला और बुजुर्गों ने अपनी ओर प्राण-प्रतिष्ठा की पूरी तैयारी कर ली है,इंतजार सिर्फ शुभ मुहुर्त की है। कार्यक्रम को भव्य व आकर्षक बनाए जाने मंदिर प्रांगण में पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में 24 से 26 जनवरी तक तीन दिन होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करने के बाद सभी को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक के दौरान जिला महामंत्री संजय कुमार वर्मा ने तीन दिन तक होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पुनः साझा करते हुए बताया,पूजन कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 08:00 से दोपहर 12:00 बजे तक सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का पहला दिन पौष शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी दिन बुधवार 24 जनवरी को जलयात्रा, गौरी गणेश पूजन, वेदी प्रतिष्ठा, जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास पश्चात आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं दूसरे दिन पौष शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, दिन गुरूवार, दिनांक 25 जनवरी को गौरी गणेश वेदी पूजन, शर्कराधिवास, शैय्याधिवास, शिखर कलश पूजन, इन्द्रध्वज पूजन, प्रसाद अभिषेक पश्चात आरती किया जायेगा। इसी प्रकार कार्यक्रम के अंतिम दिन माघ कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा दिन शुक्रवार 26 जनवरी को गौरी गणेश वेदी पूजन, मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, पूजन, श्रृंगार, हवन, आरती, नगरभ्रमण, भण्डारा एवं मूर्ति स्थापना की जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से प्रसाद वितरण एवं भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय कायस्थ समाज जशपुर के जिलाध्यक्ष सहित समाज के सभी लोगों अपील ने है,कि जशपुर के सारूडीह में निर्मित कर्म की लेखाकर्ता भगवान चित्रगुप्त के भव्य मंदिर स्थापना एवं मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान सभी चित्रांश परिवार एवं समस्त धर्म-प्रेमी सज्जनों, माताएं और बहनें व नगरवासी इस मंगल पावन बेला में सहभागी होकर पुण्य के भागी बनें।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नोनी जोहार का आयोजन

**जशपुरनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नोनी जोहार कार्यक्रम वशिष्ट कम्युनिटी हॉल महाराजा चौक में आयोजित किया जाएगा। इसमें उन युवा, युवती, बालक, बालिका को सम्मानित किया जायेगा। जिन्होंने वर्ष 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2023 के दौरान खेल, शिक्षा, समाज सेवा, स्वास्थ्य, सामाजिक लामबंदी, जैसे अन्य क्षेत्रों में विशेष कार्य कर जिले का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह केवल जशपुर जिले के 12 वर्ष से 25 वर्ष तक के बालिका और युवतियों के लिए है।

### डेटाबेस की जानकारी अद्यतन करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 सम्पन्न कराने हेतु पीपीईएस वर्जन 3.7 सॉफ्टवेयर का उपयोग कर सर्व विभाग को पूर्व में दिए गए यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर कर्मचारियों का डेटाबेस जानकारी अद्यतन किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभागों से स्थानान्तरित एवं नई नियुक्ति की जानकारी एकत्रित कर नया डाटाबेस 10 फरवरी 2024 तक पूर्ण कर रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

### गणित कोचिंग शिक्षक साक्षात्कार 9 फरवरी को

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में गणित कोचिंग शिक्षक की नियुक्ति किया जाना है, जिसके लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। साक्षात्कार की तिथि में वृद्धि करते हुए 05 फरवरी को आयोजित किया गया था। जिससे अपरिहार्य कारण से साक्षात्कार की तिथि में वृद्धि करते हुए 09 फरवरी को प्रातः 11 बजे संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित की गई है।

### जनहानि के मामले में सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 05 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत जशपुर विकासखंड के ग्राम राईकोना निवासी स्व.रजनी बाई का कुआं के पानी में डूबने से 18 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति कुवंर राम, हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार डीपाटोली जुरगूम निासी शंकर सिंह का कुआं के पानी में डूबने से 19 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता श्रवण सिंह, ग्राम किनकेल निवासी लालदेव राम का नाला के पानी में डुबने से 30 सितंबर 2023 को मृत्यु होने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी सुमित्रा बाई, ग्राम बांकीटोली निवासी मिठू राम की तालाब के पानी में डूबने से 01 जून 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी ममता सिंह एवं ग्राम ठुठीअम्बा निवासी रूपधर सिंह का सर्पदंश से 18 मई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस पुत्र सत्यनारायण सिंह एवं पुत्री कमलावती बाई हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**भारत संकल्प यात्रा**

### विधायक ने किया योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक



भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुई विधायक रायमुनी भगत।

**जशपुरनगनर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्राम पुत्रीचौरा पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जशपुर विधायक रायमुनी भगत मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुई।विधायक ने विकसित भारत यात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं का लाभ आम जनता को पूरा-पूरा पहुंचाया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी व्यक्ति का कोई भी काम किसी भी कारण से रूकने नहीं दिया जाएगा। यह हमारे प्रधान मंत्री मोदी की गारंटी है। साथ ही रायमुनी ने ग्रामीणों को नशे से बचने का सुझाव देते हुए नशा मुक्ति के लिए आमजन को जागरूक किया। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य लालदेव भगत, सुरेश राम भगत, पूर्व जिला जिला पंचायत सदस्य कृपा शंकर भगत, सवित्री बाई कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**समीक्षा बैठक**

### पीएम आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश



पंचायत सचिवों की बैठक लेते सीईओ।

**जिला पंचायत सीईओ ने मनोरा और जशपुर के पंचायत सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की ली बैठक**

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा ने जनपद पंचायत जशपुर और मनोरा के सभी पंचायत सचिवों व तकनीकी सहायकों की समीक्षा बैठक लेकर पीएम आवास निर्माण की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने बैठक में सभी पंचायतों के आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण हेतु शेष आवासों को तत्काल पूरा करें। इस हेतु उन्होंने समय-सीमा निर्धारित कर समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण कार्य के प्रगति नहीं लाने एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही।

**शहर भ्रमण**

### युवाओं ने बाइक रैली निकालकर कांसाबेल को किया राममय



युवाओं ने निकाली बाइक रैली।

**कांसाबेल।** अयोध्या धाम में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन के परिपेक्ष में कांसाबेल में सुबह नगर के युवाओं द्वारा बाईक रैली निकाल कर शहर का भ्रमण किया गया एवं पूरा शहर युवाओं के जयश्रीराम के नारों से गूंजता रहा बाईक रैली शहर का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचकर सुंदरकांड का पाठ करना शुरू किया। सुंदरकांड के पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ जिसमें पत्थलगांव विधायक ने शिरकत किया तत्पश्चात अमरकंटक से आए हुए कीर्तन मंडली का कार्यक्रम संध्या कालीन शुरू किया गया। भजन मंडली के कीर्तन भजन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं अमरकंटक के भजन मंडली द्वारा किए जा रहे भजन कीर्तन का आनंद उठाए पूरे कार्यक्रम में शहर के युवा वृद्ध व महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए पूरे शहर को राममय बना दिया।

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**जशपुरनगर।** 23 जनवरी को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जशपुर में प्रातः 10 बजे से 12 बजे के बीच विभिन्न विद्यालयों के 100 विद्यार्थियों के बीच 7वीं पीपीसी के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में कक्षा नौवीं से 12वीं विद्यार्थियों के वर्ग में पीएम श्री केवी जशपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय कुनकुरी, एसएमडी जैन एचएस स्कूल जशपुर, हाली क्रॉस एचएसएस घोलेंग, गवर्नमेंट एचएसएस गम्हरिया, जीएमएचएसएस जशपुर, एसएजीईएस जशपुर, प्रयास आरएस जशपुर, सेंट जेवियर्स एचएसएसएसबी जशपुर के विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत चंद्रयान, भारत की खेल सफलता और विकसित भारत प्रमुख विषय रहे। ध्यातव्य है कि परीक्षा पर चर्चा चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों का चयन किया जाना है इस चित्रकला प्रतियोगिता में जेएनवी कुनकुरी की कक्षा 9वीं की छात्रा सुशीला बाई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर जेएनवी कुनकुरी के कक्षा दसवीं के शगुन बघेल वहीं तीसरा स्थान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जशपुर के कक्षा नौवीं के छात्र शौर्य ओहदार का रहा जेएनवी कुनकुरी के दसवीं कक्षा की मन्नत मारिया मिंज ने चौथा स्थान प्राप्त किया और पांचवा स्थान जेएनवी कुनकुरी के ही कक्षा नौवीं के अक्षरा चौधरी का रहा। विद्यालय के कला शिक्षक राकेश कुजूर के नेतृत्व में पूरे उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने भाग लिया। परीक्षा के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण के साथ परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



## कार्रवाई के अभाव में बेलगाम हो गए वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर में नौजवान वाहन चालक बेखौफ व बेलगाम होकर अपनी दो पहिया व चार पहिया वाहन में फर्राटे भर रहे हैं। दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने रहते हैं।

■ जिम्मेदार बने मुक दर्शक

शहर में आजकल मोडिफाइड साइलेंसर वाली गाड़ियों की बाढ़ सी आ गई है। नौजवान इसे अपना रुतबा मानते है,पूरे रफ्तार में,कट मारते हुए शहर के बीच में चलाना नौजवानों का शौक हो गया है। कभी भी ट्रैफिक पुलिस किसी भी चौक-चौराहों पर कभी भी किसी भी नौजवान का लायसेंस चेक करते नजर नहीं आती। इस कारण ट्रैफिक पुलिस का डर लोगों के मन से निकाल गया है। इससे आम राहगीरों के जान माल का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्कूल जाने वाले अधिकतर बच्चे बिना लाइसेंस के गाड़ी चला के स्कूल जाते आते हैं। इन पर किसी तरह का अंकुश नहीं है। अवयस्क चालकों का वाहन चलाना आने-जाने वाले राहगीरों के लिए खतरे का सबब बन सकता है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने के कारण वाहन चालकों का बेखौफ होकर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के भी पूरी रफ्तार से बीच शहर मे मोडिफाइड साइलेंसर लगा वाहन चलाने लगे है। इसी तरह शराब पीकर भी वाहन चालक बेखौफ होकर शहर में अपनी गाड़ियां चलाते नजर आते हैं। जो आम लोगों के लिए खतरा बन सकता है।

**क्या कहता है यातायात नियम**

यातायात नियम के अनुसार बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर धारा 3/181 के तहत कार्यवाही की जाती है जिसमे एक हजार रुपए का अर्थदंड का प्रावधान है। उसी प्रकार मोडिफाइड साइलेंसर लगा के गाड़ी चलाने पर धारा 182 क (4) के तहत कार्यवाही और पांच हजार रुपए का अर्थदंड का प्रावधान है। नाबालिक द्वारा वाहन चलाने पर धारा 4/181 के तहत कार्यवाही एक हजार रुपए फाइन और न्यायालय में मामला जाने पर पच्चीस हजार रुपए के फाइन आका प्रावधान है। उसी तरह शराब पीकर वाहन चलाने पर 185 के तहत कार्यवाही न्यायालय द्वारा दस हजार का जुर्माना देना होगा।



**दो वर्षों में दुर्घटना की स्थिति**

वर्ष 2022

| प्रकरण | मृतक | घायल |
|---|---|---|
| 321 | 205 | 263 |

वर्ष 2023

| प्रकरण | मृतक | घायल |
|---|---|---|
| 353 | 256 | 179 |

**दुर्घटना की साल दर साल बढ़ती**

घटना इस बात की ओर इशारा कर रही है कि कही तो चूक हो रही है जिसका खामियाजा भोले भाले राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

### जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र में चलाए जा रहे योजना की ली जानकारी

# पीव्हीटीजी वर्ग के लोगों को पीएम जनमन योजना का मिले लाभः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र में चलाए जा रहे पीएम जनमन योजना के सर्वे के संबंध में जानकारी ली। प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के परिवारों को शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ देने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए तथा नियमित मॉनिटरिंग करने कहा।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

पीएम जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे समुदायों की बसाहटों में पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसी अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाए। पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन कर विशेष पिछड़ी जनजाति के वंचित लोगों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि योजना, वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ई-श्रम कार्ड सहित अन्य योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाएं। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को पीव्हीटीजी वर्ग के वंचित लोगों को शत-प्रतिशत योजना से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस हेतु सभी विभाग प्राथमिकता से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय तक लाभ पहुंचाएं जिले को विकसित करने के साथ ही पहुंचविहीन क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने इन बसाहटों में शिविर आयोजन हेतु प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को मिले दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### लंबित प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होने नामांतरण एवं बंटवारा सहित राजस्व के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित तय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करें एवं जो प्रकरण समय सीमा के बाहर के है उन्हे प्राथमिकता से पहले पूर्ण करें और विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने तहसीलदारों को पटवारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरबीसी छह-चार के तहत आर्थिक सहायता के लिए प्राकृतिक आपदा की घटना होने पर पटवारियों को मौके पर जाकर परीक्षण करने और प्रतिवेदन तहसीलदार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### पीएम आवास निर्माण कार्य का नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जिले के जनपद सीईओ, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पीएम आवास की बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा कर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गतिविधियां आयोजित करें। प्राथमिकता आधार पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फोकस करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम आवास के कार्यों के प्रगति की जानकारी ली।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# जर्मनी गायिका ने गाया श्रीराम का गाना मिले 2 लाख 80 हजार से ज्यादा व्यूज



**लॉस एंजेलिस।** जर्मनी की मशहूर सिंगर कैसेंड्रा माई स्पिटमैन का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिन्होंने श्रीराम गाना गाकर सभी का दिल जीत लिया है। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। कैसेंड्रा स्पिटमैन ने द वॉइस इन माई हेड और माउंटेन जैसे गानों से लोकप्रियता हासिल की है। भारतीय संस्कृति और उसके गीत भजन के प्रति उनका रुझान हमेशा से रहा है। जर्मन गायिका को भारतीय गाने पसंद हैं, जिन्हें वह अपनी आवाज में गाने की कोशिश करती हैं। इंस्टाग्राम पर कैसेंड्रा के करीब 5 लाख 77 हजार फॉलोअर्स हैं। कैसेंड्रा स्पिटमैन अंधी हैं लेकिन उनकी आवाज़ ही उन्हें परिभाषित करती है। कैसेंड्रा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सिंगर कैसेंड्रा मे स्पिटमैन अपनी आवाज में धार्मिक गाना राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गा रही हैं। उनके वीडियो को अब तक 2 लाख 80 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और फैंस उनकी आवाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

एक इंटरव्यू के दौरान जब कैसंड्रा से पूछा गया कि वह केवल भारतीय मंत्रों और गीतों को ही क्यों रीक्रिएट करती हैं। इसका जवाब देते हुए कैसेंड्रा ने कहा, मेरा अपना निजी संबंध है, जो पिछले छह वर्षों में मुझमें विकसित हुआ है। इसी संबंध के माध्यम से मेरे मन में यह विचार आया है कि कई संस्कृतियां हैं और आध्यात्मिकता के कई तरीके हैं। इसका मार्ग लोग अपना सकते हैंए लेकिन सनातनी धर्म ही वह धर्म है, जिसके साथ मैं सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करती हूं।

### टॉलीवुड

# 1000 करोड़ में बनेगी महेश बाबू की एसएसएमबी 29



**मुंबई।** तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की अपकमिंग मूवी को लेकर फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर है। टॉलीवुड प्रिंस की ये मूवी जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली के पिता विजेंद्र प्रसाद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि फिल्म की स्क्रिप्टिंग का काम पूरा हो चुका है। इस मूवी को अब मेकर्स शूटिंग स्टेज पर लेकर जाने की तैयारी में हैं। निर्देशक एसएस राजामौली के पिता ने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट लॉक हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ये मूवी इसी साल गर्मियों में फ्लोर पर जाने वाली है। खबरों की मानें तो फिल्म को लेकर अगला बड़ा ऐलान भी इसी साल गर्मियों में होगा। इस खबर के बाद कयास लगने लगे है कि मूवी का फर्स्ट लुक गर्मियों में रिलीज होगा। जिसकी वजह से हर किसी की नजर इस मूवी के आने वाले ऐलान पर टिकी है। बता दें कि सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की मूवी एसएसएमबी 29 को मेकर्स भारी भरकम बजट में बनाने वाली है। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक इस मूवी को मेकर्स 1000 करोड़ रुपए में बनाएंगे। ये एक जंगल एडवेंचर मूवी है। जिसे निर्देशक एसएस राजामौली पैन इंडिया नहीं बल्कि पैन वर्ल्ड स्तर पर बनाने की तैयारी में हैं।

### भोजपुरी

# माता सीता बनकर छाईं रानी चटर्जी एक्ट्रेस की तस्वीर वायरल



**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस रानी चटर्जी अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। रानी चटर्जी को लोग इंटरनेट की क्वीन कहते हैं क्योंकि उनका कोई भी पोस्ट पलभर में वायरल हो जाता है। रानी चटर्जी खूबसूरती और एक्टिंग के मामले में बॉलीवुड की तमाम बड़ी एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी का एक पोस्ट सामने आया है, जो कि इंटरनेट वर्ल्ड में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सामने आई इस तस्वीर को देख सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए हैं। रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए एक तस्वीर शेयर की है, जो कि इंटरनेट पर आग की तरह फैल रही है। सामने आई इस तस्वीर में रानी चटर्जी माता सीता के अवतार में नजर आ रही हैं। रानी चटर्जी का ये लुक देख सभी लोग गदगद हो गए हैं। बता दें कि रानी चटर्जी की इस तस्वीर पर लोग जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। बता दें कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन रानी चटर्जी ने ये फोटो शेयर की है। इस बात के लिए रानी चटर्जी की लोग तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। रानी चटर्जी के हर एक पोस्ट को लोग दिल खोलकर प्यार देते हैं। अदाकारा रानी चटर्जी ने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया हैं। इसके अलावा वो टीवी में भी धमाल मचा चुकी हैं।

## लाइफ स्टाइल



### ट्रेडिशनल लुक में

टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति अपनी एक्टिंग के साथ स्टाइलिश ड्रैसिंग स्टाइल से भी सुर्खियों में रहती है। हाल ही में सुरभि ने फोटोशूट करवाया है, जिसमें वह अनारकली लुक में नजर आ रही है। इस दौरान उन्होंने व्हाइट और गोल्डन रंग की ड्रेस वियर की है। ड्रेस के साथ सुरभि ने मैचिंग हैवी ज्वैलरी पहनी है। बालों में लगा गजरा और मिनिमम मेकअप सुरभि की लुक को पूरा कर रहा है। फैंस ने उनके इस ट्रैडीशनल लुक को काफी पसंद किया।

# नहीं तय कर पा रही हैं कलर का चयन, सदाबहार लाल रंग है ना

### फैशन



**नई दिल्ली।** सिर्फ शादी ही नहीं बल्कि त्योहारों के लिए भी लाल रंग से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। सिर्फ नवविवाहित दुल्हनों पर ही नहीं, लाल रंग हर उम्र की महिलाओं पर खिलता है। गोल्ड और रेड का कॉम्बिनेशन ज्यादा अच्छा लगता है। अगर आप तय नहीं कर पा रहे हैं कि शादी या पार्टी में कौन से रंग के कपड़े पहनें तो बेझिझक लाल रंग चुनें।

**भारी अलंकृत सूट** : त्योहार या पार्टी में सबसे अलग और खूबसूरत दिखने के लिए आप हैवी ड्यूटी ड्रेस कैरी कर सकती हैं। आजकल ऊनी सूटों में भी कई वैरायटी देखने को मिलती हैं। अगर बहुत ठंड है तो आप भारी ऊनी सूट भी पहन सकती हैं। इन दिनों फुल स्लीव्स और एंकल लेंथ कुर्ते ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।



**मखमली कुर्ता** : मखमली कपड़े पहनने का सबसे अच्छा समय सर्दी है। यह न सिर्फ आपको डिफरेंट लुक देता है, बल्कि इस मौसम में आपको कंफर्टेबल भी रखता है। वेलवेट सूट या साड़ी पहनकर आप बिल्कुल अलग और खूबसूरत दिख सकती हैं। इससे किसी भी तरह की लेयर्स की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**घुटनों तक लंबी सोने की पोशाक** : इस मौके पर अगर आप सूट और साड़ी के अलावा कुछ और ट्राई करना चाहती हैं तो सोने से सजी इस तरह की हैवी ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। जो देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। इसके साथ बहुत सारी ज्वेलरी कैरी करने की जरूरत नहीं है।


**मेकअप को रखें बेदाग** : अगर आप अपना मेकअप बेदाग रखेंगी तो आपको बेहद खूबसूरत लुक मिलेगा क्योंकि लोहड़ी का त्योहार रात में मनाया जाता है और इसके साथ.साथ ढेर सारी मौज मस्ती भी होती है, इसलिए हैवी बेस की बजाय हाइलाइटिंग मेकअप चुनें। यह देखने में तो शानदार लगता है लेकिन आपको भारहीन महसूस कराता है।

**अपने पहनावे के अनुसार ही आभूषण चुनें** : अगर आप फ्लोर लेंथ आउटफिट पहन रही हैं तो आप ईयररिंग्स के साथ मांग टीका पहन सकती हैं लेकिन गले पर कुछ भी न पहनें वरना आपका लुक काफी हैवी लगेगा। अगर आप पटियाला या शरारा टाइप सूट पहन रही हैं तो उसके साथ घुंघरू जड़ित गुंबद ईयररिंग्स या चांद ईयररिंग्स अच्छे लगेंगे। आप गले में हल्की चेन के साथ छोटा पेंडेंट पहन सकती हैं और हाथों में ब्रेसलेट या ब्रेसलेट के साथ लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

# अगर लगाना चाहतीं है प्रोफेशनल तरीके से आईलाइनर तो भूलकर न करें ये गलतियां

बहुत से लोग आईलाइनर को आंखों की अपर लिड के साथ लोअर लिड पर भी लगा लेते हैं और इससे कई बार आईलाइनर आंखों में फैल जाता है। इतना ही नहीं आपके आंखों के आस पास आईलाइनर फैल कर त्वचा को काला कर देता है और फिर उसे आसानी से रिमूव नहीं किया जा सकता है। कई बार तो आंखों के अंदर भी आई लाइनर चला जाता है। बता दें कि आईलाइनर में मौजूद केमिकल आपकी आंखों में चले जाते हैं तो जलन और खुजली होने लग जाती है और कई बार तो आंखों में लालपन भी आ जाता है।

**आईलाइनर लगाते वक्त पलके झपकना** : बहुत सारे लोगों को आईलाइनर लगाते वक्त डर लगता है और नेचुरली उनकी आंख झपकने लग जाती हैं, ऐसे में आपको आईलाइनर लगाने से पहले थोड़ा रिलैक्स हो जाना चाहिए और फिर इसे लगाना चाहिए। यदि आप बार.बार आंखों को झपकेंगी, तो न केवल आपका आईलाइनर खराब होगा बल्कि आईलाइनर आपकी आंखों के अंदर भी जा सकता है, जिससे आपकी आंखों में इरिटेशन हो सकती है।



### वॉटरी आइज पर आईलाइनर लगाना

बाजार में आपको एक नहीं कई प्रकार के आईलाइनर मिल जाएंगे। आपकी आंखें वॉटरी हैं और काजल या आईलाइनर लगाते वक्त आपकी आंखों से पानी आता है तो लिक्विड आईलाइनर की जगह आपको काजल पेंसिल या फिर क्रीमी आईलाइनर का प्रयोग करना चाहिए। यह आईलाइनर आपको रोलर या फिर पेंसिल नुमा पैटर्न में मिलेगा। आप इससे आसानी से आंखों पर लाइन ड्रॉ कर सकती हैं। इतना ही नहीं आप काजल का प्रयोग करके भी आईलाइनर लगा सकती हैं।

### एप्लीकेटर की जगह किसी और से आईलाइनर लगाना

यदि आप सोच रही हैं कि एप्लीकेटर की जगह आप यदि ब्रश या फिर लकड़ी की सींक से आईलाइनर लगा सकती हैं तो आपको बता दें कि यह बहुत ही खतरनाक इरादा है क्योंकि एप्लीकेटर को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि उससे आप जब आईलाइनर लगाती हैं तो चोट लगने का डर नहीं रहता है। वहीं आप यदि किसी और साधन से आईलाइनर लगाएंगी तो आईलाइनर ठीक से लगेगा भी नहीं और इससे आपकी आंखों पर चोट भी लग सकती है।

# भारी हाथों के लिए बेस्ट है अरेबिक मेहंदी डिजाइन

**नई दिल्ली।** अरेबिक डिजाइन की मेहंदी को आजकल बेहद पसंद किया जा रहा है। वहीं इस तरीके के मेहंदी के डिजाइन को बनाने के लिए आप टूथपिक और इअरबड्स की सहायता ले सकती हैं। इसका डिजाइन आप बारीकी से बनाएं। इसके अलावा मॉडर्न लुक देने के लिए आप कट आउट पैटर्न को भी चुन सकती हैं। इस डिजाइन को सबसे ज्यादा मुस्लिम कल्चर में लगाया जाता है।



**जालीदार मेहंदी डिजाइन** : जालीदार मेहंदी डिजाइन को आप कई तरीके से कस्टमाइज करके बना सकते हैं लेकिन अगर आप चाहती हैं कि सिंपल जाल के जगह आप हाथों को थोड़ा मॉडर्न लुक दें तो इसके लिए आप इस तरीके से हार्ट या स्टार का डिजाइन बना सकते हैं। वहीं जाल का डिजाइन आप ज्यादा चौड़ा न रखें अन्यथा आपके हाथों की चौड़ाई अधिक ज्यादा नजर आने लगेगी।

**बेल मेहंदी डिजाइन** : वैसे तो बेल में आपको कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आपके हाथ भारी और चौड़े हैं तो इस तरह से आप बारीक जालीदार केरी के डिजाइन को बना सकती हैं। बेल के डिजाइन के लिए आप चौड़े डिजाइन को चुनें ताकि आसानी से आपकी हथेली कवर हो जाये।

**सर्किल मेहंदी डिजाइन** : वैसे तो आपको सर्किल में मंडला और गोल टिक्की मेहंदी जैसे कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगेए लेकिन अगर आपके हाथ भारी हैं तो बड़े आकार का सर्किल बनाकर बारीकी से डिजाइन को बना सकती हैं। हाथ भारी हैं तो आप उंगलियों पर भी इसी तरह से बारिकी से डिजाइन को बनाएं।

# सेलेरी का जूस बनाता है फेस को खूबसूरत, पार्टी में लगेंगी ग्लैमरस

**नई दिल्ली।** पार्टी में खूबसूरत दिखने के लिए लोग कई उपाय अपनाते हैं। कुछ लोग जहां महंगे प्रोडक्ट्स की मदद से अपनी त्वचा की देखभाल करते हैं तो कुछ घरेलू उपायों को अपनाकर अपनी स्किन को हेल्दी बनाते हैं। हालांकि इन सब उपायों के अलावा आपका खानपान भी आपकी त्वचा पर गहरा असर डालता है। हम जो कुछ भी खाते हैं, उसका असर सिर्फ हमारी सेहत ही नहीं त्वचा पर भी पड़ता है। ऐसे में सही खानपान की मदद से भी आप अपनी त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बना सकते हैं। सर्दियों में अक्सर सर्द हवाएं आपकी त्वचा की नमी छीनकर इसे बेजान बना देते हैं। ऐसे में आप अपनी डाइट में सेलेरी का जूस शामिल कर त्वचा को स्वस्थ बना सकते हैं और पार्टी में खूबसूरत और ग्लैमरस लग सकती हैं।



### त्वचा को हाइड्रेट करें

त्वचा को हेल्दी और चमकदार बनाने के लिए इसका हाइड्रेट रहना बेहद जरूरी है। ऐसे में सेलेरी का जूस आपकी त्वचा को हाइड्रेड करने में मदद कर सकता है। जब आपकी त्वचा डिहाइड्रेट होने लगे तो आप सेलेरी के जूस को डाइट में जरूर शामिल करें। यह 95 प्रतिशत से अधिक पानी से बना होता है, जो इसे आपकी त्वचा के लिए एक बढ़िया हाइड्रेटिंग ड्रिंक साबित होता है। कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ाता कोलेजन एक प्रोटीन है।

### शरीर को डिटॉक्सिफाई करें

सेलेरी में कौमारिन नामक एक कंपाउंड होता है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए जिम्मेदार लिवर एंजाइम को उत्तेजित करता है। ऐसे में नियमित रूप से सेलेरी का जूस पीने से आपको बॉडी डिटॉक्स करने मे मदद मिलेगी।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

सेलेरी विटामिन ए और सी समेत एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। ये फ्री रेडिकल्स आपकी सेल्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं और समय से पहले बूढ़ा होना, झुर्रियां और डल स्किन का कारण बन सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### पंखुड़ियों को आसानी से एक से तीन साल तक स्टोर करके रखा जा सकता है

# गुलदस्ते का गुलाब सूख जाए तो फेंकने के बजाए इन तरीकों से करें इस्तेमाल

*नई दिल्ली। ताजे गुलाब के फूल तो हर किसी पसंद होते हैं लेकिन ये सूख जाने पर इसकी अहमियत कचरे से ज्यादा नहीं रह जाती। लेकिन जब गुलाब कोई बहुत ही स्पेशल व्यक्ति दे तो इसे फेंकने का मन नहीं करता है। यदि आपको गुलाब पसंद हैं और अक्सर आपके करीबी लोग इसे आपको गिफ्ट करते रहते हैं तो इसकी सूखी पंखुड़ियों को इस्तेमाल करने के आइडियाज को जरूर जान लें। सूखी गुलाब की पंखुड़ियां आसानी से एक से तीन साल तक स्टोर करके रखा जा सकता है। इसके लिए बस इसे अच्छी तरह से रखना जरूरी होता है। इसके बाद वह अपना रंग खोने लगती है।*



### तैयार करें गुलाब जल

यदि आप दुकान से खरीदकर गुलाब जल यूज करते हैं तो सूखी पंखुड़ियां आपके पैसे बचा सकती हैं। इसके लिए आपको बस 30 मिनट के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को पानी में उबालना है। इसके बाद पानी को छानकर एक एयर टाइट कंटेनर में स्टोर कर लें।

### बनाएं होममेड टी

सूखे गुलाब की चाय इसके इस्तेमाल का बहुत टेस्टफुल तरीका है। इसके लिए बर्तन में पंखुड़ियों के ऊपर 3 कप उबलता पानी डालें। बर्तन पर ढक्कन रखें और पंखुड़ियों को 20 से 30 मिनट के लिए पानी में छोड़ दें। 20 मिनट में चाय के स्वाद का नमूना लें अब जब पानी का रंग पूरी तरह से हल्का लाल हो जाए तो चाय छन्नी से पंखुड़ियों को छानकर चाय का मजा लें।

### डेकोरेटिव कैंडल बनाएं

घर में सूखे गुलाब हैं तो आप इसे नॉर्मल कैंडल को डेकोरेट करने के लिए यूज कर सकते हैं। इसके लिए थोड़े से वैक्स को गर्म करके उसमें गुलाब की पंखुड़ियां और स्पार्कल पाउडर मिलाएं। फिर कैंडल को इसपर रोल कर लें। ध्यान रखें वैक्स ज्यादा ठंडा ना हो वरना यह कैंडल पर अच्छे से चिपकेगा नहीं।



### रेडी करें होममेड फेस स्क्रब

गुलाब की सूखी पंखुड़ियों से स्क्रब तैयार करने के लिए ओट्स का पाउडर बनाएं और सूखी पंखुड़ियों को बारीक करके इसमें मिला दें। इस्तेमाल करने से पहले इसमें अपने फेवरेट एशेंशियल ऑयल को मिलाकर पेस्ट तैयार करें।

# समारोह को लेकर बॉलीवुड में धूम...

# अयोध्या में दिखा सितारों का पारंपरिक अवतार, हेमा ने डांस की तो सोनू-शंकर ने दी भजनों की प्रस्तुति





**अयोध्या।** सोमवार 22 जनवरी का दिन भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन के रूप में हमेशा अंकित रहेगा। आज के दिन अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम भक्तों का सदियों का इंतजार खत्म हुआ है। सिनेमा जगत के सितारों को भी इस अद्भुत पल का साक्षी बनने का मौका मिला, जिसका हिस्सा बनकर वह काफी खुश दिखे। सभी सितारे यहां पारंपरिक अवतार में पहुंचे थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान हेमामालिनी ने शानदार नृत्य तथा सोनू निगम व शंकर महादेवन ने बेहतरीन भजनों की प्रस्तुति दी।

## सोनू ने गाया 'राम सिया राम' भजन

भारतीय सिनेमा के जाने-माने गायक सोनू निगम ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समोराह कार्यक्रम की शुरुआत अपनी मधुर आवाज में भजन 'राम सिया राम' गाकर की। सोनू का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह 'राम सिया राम' भजन गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं सोनू निगम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पत्रकार से बात करते हुए उनकी आंखों से खुशी के आंसू बहते नजर आ रहे हैं।

## शंकर महादेवन ने गाया ये भजन

सोनू की प्रस्तुति देने के बाद प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने मंच की कमान अपने हाथों में ली और महफिल लूट ली। उन्होंने अपनी मधुर आवाज में 'श्री राम चंद्र कृपालु भजमन' भजन गाया। शंकर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें भगवान राम के भव्य मंदिर की भी झलक देखने को मिल रही है।

## हेमामालिनी ने झूमकर किया डांस

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुईं हेमा मालिनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह उद्घाटन के बाद खुशी से झूमती हुई नजर आईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि श्रीराम की भक्ति में लीन हेमा बेहद खुशी में डांस कर रहीं हैं। बता दें कि इसके पूर्व भी हेमा ने अयोध्या में 'रामायण' पर आधारित एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया था।

## अभिषेक,अमिताभ, चिरंजीवी, रामचरण

*अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचे थे। यहां बाप-बेटे की जोड़ी ने कुर्ते के साथ दोनों ने राम के नाम की केसरी रंग की चुनरी ओढ़ी थी। इनके अलावा दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता रामचरण अपने पिता चिरंजीवी के साथ यहा आए थे और दोनों शॉल के साथ कुर्ता-पैंट पहने नजर आए।*

## आलिया भट्ट की साड़ी पर टिकीं सबकी निगाहें

आलिया भट्ट श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पति रणबीर कपूर के साथ पहुंची थीं। रणबीर जहां सफेद रंग के धोती-कुर्ते और शॉल में नजर आए तो आलिया की साड़ी ने सभी का ध्यान खींच लिया। दरअसल, आलिया की फिरोजी रंग की साड़ी के आंचल पर रामायण के खास पलों को दर्शाया गया। सतरंगी चोली की बाजुओं पर द्वारकाधीश की हाथों में माला लिए तस्वीर थी। साथ ही स्वास्तिक और गणपति भी बने थे।

## कैटरीना-विक्की की जोड़ी लगी कमाल की

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल भी इस ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बने थे। कैटरीना गोल्डन रंग की साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं। विक्की की बात करें तो उन्होंने क्रीम रंग का कुर्ता पहना था, जिस पर गोल्डन कढ़ाई हो रखी थी। साथ ही उन्होंने मैचिंग शॉल भी लिया था और अपने बालों को बांध रखा था।

## माधुरी सहित ये कलाकार रहे पारंपरिक परिधान में

माधुरी दीक्षित श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेने अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ अयोध्या पहुंची थीं। अभिनेत्री ने पीले रंग की साड़ी पहनी थी, जिस पर सुनहरे रंग से कढ़ाई हो रखी थी तो डॉ. नेने धोती-कुर्ता पहने नजर आए। इनके अलावा आयुष्मान खुराना, जैकी श्रॉफ, रजनीकांत, होमा मालिनी, रोहित शेट्टी और राजकुमार हिरानी जैसे कई सितारे भी पारंपरिक अवतार में इस भव्य समारोह का हिस्सा बने थे।



## कंगना ने लगाए 'जय श्री राम' के नारे

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद कंगना ने भी अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'राम आ गए हैं।' वीडियो में कंगना जोर-जोर से 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए नजर आईं। इससे पहले कंगना ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की झलक दिखाई थीं।



अनुराधा पौडवाल ने भजन प्रस्तुत किया।



कंगना रनौत



गायक हरिहरन



साउथ अभिनेता रामचरण

## लाइव स्क्रीनिंग देखने उमड़ी भीड़

ज्ञात हो कि पीवीआर और आईनोक्स ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह की लाइव स्क्रीनिंग दिखाने की एक खास योजना बनाई थी। यह लाइव स्क्रीनिंग देश के चुनिंदा शहरों में आयोजित की गई थी। उम्मीद के अनुसार देशवासियों ने समारोह की इस लाइव स्क्रीनिंग को सिनेमाघरों में शानदार प्रतिक्रिया दी।

## दिल्ली और मुंबई में हाउसफुल रहे शो

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के निवासियों द्वारा इस कार्यक्रम को जनता से बेहद शानदार प्रतिक्रिया मिली। स्क्रीनिंग शुरू होने से पहले कुल 43 शो में से 26 शो लगभग फुल हो चुके थे और 10 शो हाउसफुल रहे थे। माया नगरी की बात करें तो मुंबई में लाइव स्क्रीनिंग के 40 शो ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म पर लोगों के लिए मौजूद थे। इसमें से 19 बहुत जल्दी भर गए थे, जबकि 11 शो की टिकटें स्क्रीनिंग शुरू होने से पहले ही बिक गई।

## अक्षय-टाइगर शामिल नहीं हो पाए



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को जारी किया जाएगा। इन दिनों दोनों सितारे फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। यही वजह है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिलने के बावजूद भी अक्षय-टाइगर इस भव्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। हालांकि अक्षय और टाइगर ने एक वीडियो साझा कर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपना उत्साह साझा किया।

## हनुमान गढ़ी मंदिर के किए दर्शन



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व से अयोध्या पहुंच चुके दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा से पहले हनुमान जी का दर्शनाभिलाषी मैं। अनुपम ने कहा, भगवान राम के पास जाने से पहले हनुमान जी के दर्शन करना बहुत जरूरी है। अयोध्या का माहौल बहुत ही राममय है। हर तरफ हवा में जय श्री राम का नारा है। फिर आ गई दिवाली, यही है असली दिवाली।

## खबर संक्षेप

### प्रदूषण के प्रति जागरुक करने साइकिल रैली

**रायगढ़।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चक्रधर नगर युवा संघ 26 जनवरी के उपलक्ष्य में साइकिल रैली निकाल कर पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और साइकिल चलाकर शरीर को स्वस्थ रखने का संदेश दिया। आगामी रूपरेखा में चित्रकला गायन और नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित की जानी है जिसका पुरस्कार वितरण आगामी 26 जनवरी को चक्रधर नगर चौक पर किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र स्थित स्कूलों के सैकड़ो बच्चों ने विजयपुर से चक्रधर नगर चौक तक पर्यावरण का संदेश देने के लिए साइकिल रैली निकाली। जानकारी देते हुए अनमोल अग्रवाल ने बताया कि चक्रधर नगर चौक सालों से इस तरह का आयोजन करता रहा है। जिसमें नगर निगम क्षेत्र से सैकड़ो बच्चे प्रतिभागी बनते हैं। बच्चों में उनकी कला भावना को निखारने के लिए चक्रधर नगर युवा संघ का प्रयास सराहनी है। इस दौरान आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सतनामी समाज के पदाधिकारी बानू खूंटे ने हरा झंडा दिखाकर प्रतियोगिता को प्रारंभ करवाया। श्री खुंटे ने चक्रधर नगर युवा संघ के इस आयोजन की सराहना करते हुए बताया कि रायगढ़ जिला औद्योगिक क्षेत्र हैं। यहां पर्यावरण प्रदूषण सभी तरफ से प्रदूषित हो रहा है। जल, वायु और मिट्टी प्रदूषण के कारण स्थानीय लोगों को कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए स्थानीय लोगों को ही आगे बढ़कर इस प्रदूषण से बचाव के बारे में सोचना पड़ेगा।

### कलेक्टर और राइस मिलरों की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर श्री चौहान ने धान खरीदी की आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए राइस मिलरों का बैठक लिया। बैठक में श्री चौहान ने समितियों से धान उठाव के लिए खाद्य विभाग द्वारा जारी डीओ के पालन में उठाव की जानकारी लिया। इसके साथ ही साथ श्री चौहान ने राइस मिलरो को कहा कि नियमानुसार धान के बरदाना को वापसी करें। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव और राइस मिलरगण उपस्थित थे।

### 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी छाल निरीक्षक विजय चेलक के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर छाल पुलिस द्वारा ग्राम चंद्रशेकरपुर ऐडु में चेतराम चौहान के घर पर छापेमार कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक विजय चेलक को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सेतराम चौहान अपने घर बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करता है, रेड कार्यवाही में संदेही सेतराम चौहान के कब्जे से एक प्लास्टिक डब्बा में रखा हुआ 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है।

### राम मंदिर में चला स्वच्छ तीर्थ अभियान

**रायगढ़।** स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत सोमवार को गांधीगंज के पूरे परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मेयर श्रीमती जानकी काटजू, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने झाड़ू लगाया और कचरा उठाया। सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे से अभियान शुरू हुआ। सबसे पहले राम मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई। इसके बाद गंज में मुख्य सड़कों और गंज के अंदर परिसर की झाड़ू लगाकर कचरा को उठाया गया। झाड़ू लगाते हुए मुख्य मार्ग से गांधी प्रतिमा चौक तक पहुंचे। इस दौरान गांधी प्रतिमा स्थित परिसर की झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई और कचरा उठाया गया।

### तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम गोरखा आरके जनरल स्टोर के पास एक व्यक्ति तलवार लेकर लहराते हुए लोगों को डरा रहा है और मारने की धमकियां दे रहा है। पुलिस टीम द्वारा गोरखा के सार्वजनिक स्थल पर खुले आम हाथ में तलवार लहराते युवक को देखा। पुलिस की वाहन देख बदमाश युवक एक सफेद रंग की डिजायर कार में भागने का प्रयास किया, पुलिस टीम द्वारा वाहन का पीछा कर पकड़ा गया।

### 10 हजार से अधिक लड़कियों और महिलाओं को छात्रवृत्ति

# यशस्वी छात्रवृत्ति योजना बेटियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धः शालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़


शालू जिंदल, चेयरमैन जेएसपी।

उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर की समाज सेवा शाखा जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने यशस्वी कार्यक्रम के तीसरे चरण का उद्घाटन करते हुए कहा कि वे बेटियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस चरण में ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ की 4254 लड़कियों और महिलाओं का चयन यशस्वी छात्रवृत्ति योजना में किया गया है। यह छात्रवृत्ति सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की लड़कियों और महिलाओं को उच्च शिक्षा और कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रदान की जाती है।

जेएसपी फाउंडेशन की सलाहकार और यशस्वी कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार सुश्री यशस्विनी जिन्दल ने व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में भाग लेकर चयनित लड़कियों और महिलाओं को बधाई दी और उनकी सफलता की कामना की। जेएसपी के रायगढ़, अंगुल, पतरातू, बड़बिल, टेंसा, कसिया और जेपीएल तमनार समेत समस्त विभिन्न व्यावसायिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम को शुक्रवार की शाम ऑनलाइन संबोधित करते हुए श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा जेएसपी फाउंडेशन समाज में सबको समान अवसर प्रदान करने और महिला पुरुष में भेदभाव खत्म कर समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यशस्वी कार्यक्रम के माध्यम से हम लड़कियों और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए उनके पसंदीदा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं ताकि उनके जीवन में आए हुए बदलाव से हमारा समाज प्रेरित हो।

श्रीमती जिन्दल ने यशस्वी छात्रवृत्ति के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता की कामना की। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि पिछले दो चरणों में अनेक बेटियों ने प्रशिक्षण पूरा कर या उच्च शिक्षा प्राप्त कर सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्त किया और अपने सपने साकार किए। गौरतलब है कि यशस्वी के लिए 8914 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के 81 जिलों के 4254 का चयन किया गया, जिनमें 3430 नए नाम हैं। 824 अभ्यर्थियों की पात्रता का नवीकरण किया गया है। इनमें 1807 अभ्यर्थी 12वीं से लेकर पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं, जिनमें इंजीनियरिंग, मेडिकल, विज्ञान, नर्सिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, मनोचिकित्सा, समाज विज्ञान और मुख्यधारा के विषयों की विद्यार्थी हैं। इसी तरह 3430 अभ्यर्थी, कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सिलाई कढ़ाई, खुदरा कारोबार, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, डाटा एंट्री, ब्यूटी थैरैपी, मेडिकल तकनीक समेत अनेक कौशल विकास कार्यक्रम का प्रशिक्षण ले रही हैं। छात्रवृत्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के संस्थानों या कॉलेजों में व्यावसायिक या सामान्य धाराओं में पढ़ाई को आगे बढ़ाने के लिए ट्यूशन फीस और अन्य संबंधित शुल्क के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। फाउंडेशन वित्तीय सहायता की राशि सीधे उन संस्थानों को भेजेगा, जहां उन्होंने दाखिला लिया है। चयनित छात्राओं को देशभर की 250 विश्वसनीय संस्थाओं में पढ़ाई का अवसर मिलेगा। चयनित 4254 छात्राओं में 2689 ओडिशा, 934 छत्तीसगढ़ और 631 झारखंड की हैं। यशस्विनी कार्यक्रम की शुरुआत 2022 में हुई थी, जिसका लाभ 10 हजार उन बेटियों को मिल रहा है, जो अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाने में पैसे की कमी महसूस कर रही थीं। यह छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर प्रदान की जाती है। इस अवसर पर ग्रुप सीएसआर हेड प्रशांत कुमार होता, जेएसपी अंगुल के ईडी पंकज मल्हान, बड़बिल के यूनिट हेड पुरुषोत्तम एमडी, रायगढ़ के सीएफओ हनुमान शर्मा, पतरातू के यूनिट हेड आशीष जैन, जेपीएल तमनार के यूनिट हेड छविनाथ सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कुंजेमुरा में संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का समापन

**तमनार।** तमनार के संकुल केंद्र कुंजेमुरा में त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्राथमिक व पूर्व मा विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलो में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राथमिक खण्ड से 22 प्रकार तथा माध्य खण्ड 27 प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षक भुरिश्रवा साव की मुख्य आतिथ्य व ग्राम पंचायत कुजेमुरा, लमदहा गारे, टिहली रामपुर के सरपंच पंच गणो की विशिष्ट आतिथ्य में पुरस्कार वितरण किया गया। दौड़ कूद फेंक, खो खोकबड्डी खेल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस, एकलगायन, एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता रखा गया। देशभक्ति रामलला धार्मिक गीत नृत्य, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य से मनमोहक प्रस्तुति से अतिथिगण ग्रामवासी गदगद हुए। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान सराबोर रहा। कार्यक्रम अध्यक्षता उद्बोधन में संकुल प्राचार्य एसके पटेल ने निर्विविवाद शांतिपूर्ण खेल आयोजन हेतु सभी जनप्रतिनिधियों संकुल के शिक्षकों की सराहना करते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यस से सहयोग प्रदान करने वालों का आभार व्यक्त किया गया। प्राथमिक खण्ड में चैम्पियन शाला प्राथ शाला कुजेमुरा तथा माध्यमिक खण्ड में माध्यमिक शाला कुंजमुरा को घोषित किया गया। खेलों के आयोजन में फील्ड मार्शल एस एल नागवंशी एवं उनके सहयोगी निर्णयको की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## लाखों खर्च के बावजूद तेतला की सड़क चलने लायक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुसौर

ज्यादातर राहगीर एन एच रोड में जाने के लिए तहसील मुख्यालय पुसौर से महज 6 किमी दूर तय कर ग्राम तेतला के बीच बस्ती से होकर जाते हैं जिसे पूर्व भूपेश सरकार द्वारा लगभग 20 वर्ष बाद पुसौर से तेतला रोड का कायाकल्प किया गया है लेकिन जब राहगीर तेतला बस्ती पहुंचते हैं तो उनकी उफ निकल आती है जिसका मुख्य कारण हैं बस्ती में सूखें में भी लगातार बह रहा पानी और कीचड। आपको बता दें तेतला खरसिया विधानसभा क्षेत्र का ग्राम है और पुसौर से तेतला तक बने हुए रोड पूर्व विधायक प्रकाश नायक के अनुशंसा में तैयार होने की बात बताया जाता है वहीं तेतला बस्ती के उक्त किचड रोड को सरपंच सुरेन्द्र शबर के कार्यकाल में 10 लाख रूपए की लागत से बनाया गया था जो कुछ ही दिन ठीक रहा इसके बाद ज्यों का त्यों बना हुआ है। इस मार्ग से रोजाना सैकडो लोगों का आवागमन होता है और समस्या ग्रस्त राहगीर कभी प्रशासन तो कभी सरकार को कोसते नजर आते है।

### खाद्य विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर 3 लाख ठगे

**रायगढ़।** थाना जूटमिल में बाजीराव महारापारा में रहने वाले मनोहर दास महंत द्वारा आरोपी रूपराज मानिकपुरी निवासी ग्राम छाछी, कसडोल जिला बलौदाबाजार के विरुद्ध नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख धोखाधड़ी की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार वर्ष 2021 में उसके परिचित रूपराज मानिकपुरी द्वारा रायपुर मंत्रालय में नौकरी करना और मंत्रियों से अच्छी जान पहचान बताकर 3 लाख में खाद्य विभाग में नौकरी लगा देने की बात बताया था। नौकरी के प्रलोभन में आकर रूपराज के कहने पर उसके और उसकी पत्नी सरिता मानिकपुरी के खाते में रुपए ट्रांसफर करवाया था। शिकायतकर्ता के बताया कि उसने अपने जीजा और छोटी बहन के खाते से रूपराज मानिकपुरी और उसकी पत्नी के खाते में रुपए ट्रांसफर किए थे।

## लैलूंगा को पराजित कर जावेद मेमोरियल की टीम ने जीता ओपी जिंदल क्रिकेट कप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरघोडा




जेएसपी फाउंडेशन जेपीएल तमनार द्वारा प्रायोजित एवं आल स्टार घरघोड़ा के तत्वाधान आयोजित 40वां ओपी जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा 2023-24 का समापन जावेद मेमोरियल रायगढ़ का एलसीसी लैलूंगा की टीम पर 29 रनों से रोमांचक विजयश्री के साथ सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम सीएन सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य, शिव शर्मा, प्रबुद्ध नागरिक व संरक्षक, आल स्टार घरघोड़ा की अध्यक्षता एवं ऋषिकेश शर्मा, महाप्रबंधक, सीएसआर, जेपीएल तमनार, डीएनएस पाण्डेय, उप महाप्रबंधक, एनटीपीसी तलाईपाली, सुरेन्द्र चौधरी, अध्यक्ष नगर पंचायत घरघोड़ा, मनोज विश्वाल की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को प्रथमतया सम्बोधित करते हुए शिव शर्मा ने प्रतियोगिता के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे प्रतियोगिता के आयोजन को एक प्रसंशनीय कदम बताया। प्रतियोगिता के शुन्य से शिखर तक के सफर को स्मरण करते हुए उन्होंनें कहा कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र व घरघोड़ा की पहचान एवं क्षेत्रवासियों के लिए उत्सव है। उन्होनें जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा खेलों के विकास के लिए किये जा रहें प्रयासों को प्रसंशनीय बताया तथा ऐसे प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि सीएन सिंह ने अपने सम्बोधन में ओपी जिंदल क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा को क्षेत्र की सबसे अच्छी प्रतियोगिता बताया।

### संग्रहण केन्द्र में भूसा प्लास्टिक की रखवाली

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के ग्राम लोहरसिंग में जिले का धान संरक्षित करने एक विशाल संग्रहण केन्द्र स्थापित है जहां इन दिनों धान का संग्रहण नहीं हो रहा है लेकिन यहां के कर्मचारी वहां रखे भुसा और प्लास्टिक के टुकडों का रखवाली कर रहे हैं। ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र लगभग 8 एकड में फैला हुआ है जहां एक सामुदायिक भवन सर्व सुविधा युक्त है वहीं कई जगहों में भुसा के ढेर और प्लास्टीक टुकडों के ढेर भी है। जब यहां सैकडों की संख्या में रोज धान के ट्रक आते थे तो यहां संग्रहण प्रभारी सहित इसके पहरेदार तैनात रहते थे और अब यहां धान संग्रहण सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है तो भुसा और प्लास्टिक की रखवाली करने 6 पहरेदार दिन और रात रहते हैं। ऐसे स्थिति में उक्त स्थल का उचित उपयोग किया जाना जनहित में आवश्यक प्रतीत हो रहा है।

## मछली पालन के लिए तालाब लेने आवेदन 5 फरवरी तक

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत जशपुर के अधीन तमता सिंचाई जलाशय एवं खमगढ़ा सिंचाई जलाशय को मत्स्यपालन एवं मत्स्याखेट हेतु 10 वर्षीय पटटे लेने के लिए आवेदन 25 जनवरी तक आमंत्रित किया गया है।

जिला पंचायत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया गया है कि जिला पंचायत जशपुर के अधीनस्थ पत्थलगांव विकासखण्ड के तमता सिंचाई जलाशय एवं खमगढ़ा सिंचाई जलाशय को मत्स्यपालन एवं मत्स्याखेट हेतु 10 वर्ष के लिए लीज पर पट्टे दिए जाने की सूचना जारी किया गया है। जलाशयों में तमता सिंचाई जलाशय ग्राम तमता जलक्षेत्र 116.525 हेक्टेयर में वार्षिक मत्स्य उत्पादन 13.983 मे.टन जलाशय आवंटन हेतु प्रारंभिक लीज राशि 93220 रूपए है। इसी प्रकार खमगढ़ा सिंचाई जलाशय ग्राम राजाआमा जलक्षेत्र 153.830 हेक्टेयर में वार्षिक मत्स्य उत्पादन 18.459 मे.टन जलाशय आवंटन हेतु प्रारंभिक लीज राशि 123064 रूपए है। इच्छुक समिति व समूह 05 फरवरी 2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.00 बजे तक आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर एवं सहायक संचालक मछली पालन जशपुर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। चयन की पात्रता एवं शर्ते कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन जशपुर में कार्यालयीन समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच देखी जा सकती है। शासन द्वारा तालाब, जलाशय को पट्टे पर देने हेतु प्राथमिकता क्रम निर्धारित की गई है। जिसमें पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, महुआ समूह, मछुआ व्यक्ति ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात मकान, भूमि आदि छूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गये हों ऐसे व्यक्तियों, परिवारों या उनके समूह व समिति को संबंधित जलक्षेत्र में पट्टे दिए जाने हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। उपयुक्त चारों वर्ग यदि किसी ग्राम, क्षेत्र में नहीं हो तो स्वयं सहायता समूह को पट्टे पर दिए जाने का अधिकार दिया गया है। आवेदन के साथ पंजीकृत सहकारी समिति पंजीयन प्रमाण-पत्र, बायलॉज, सदस्यों की सूची, बैंकों से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, समिति का ठहराव प्रस्ताव व विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट एवं कार्यक्षेत्र संबंधी दस्तावेज देना होगा। साथ ही मछुआ समूह, स्वयं सहायता समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहराव, जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत भी प्रस्तुत करना होगा। व्यक्तिगत हितग्राही मछुआ, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत अनिवार्य रूप से करें।

## लूटपाट मामले का चौथा फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा अमेज़न डिलीवरी बॉय से मारपीट मामले के फरार रहे अंतिम आरोपी जय सिदार उर्फ सददू को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपित जय सिदार उर्फ सददू 02 नवंबर 2023 को अपने साथी सुधीर सिदार उर्फ सोनू सिदार और अन्य दोस्तों के साथ मिलकर बावली कुंआ शीतला मंदिर के पास अमेजन के डिलीवरी बॉय से झागड़ा मारपीट कर जबरन रुपये की लूटपाट की गई थी। कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़ित डिलीवरी बॉय प्रभात पटेल 21 साल निवासी मधुबन मोदीपारा रायगढ़ के रिपोर्ट पर लूट का अपराध कायम कर पिछले साल 04 नंबवर को आरोपी सुधीर सिदार उर्फ सोनू सिदार और शामिल आरोपियों को तथा बीते 16 जनवरी को फरार आरोपी रविंद्र बेहरा उर्फ़ अप्पू बेहरा और रमेश सिदार को मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले में गिरफ्तारी हेतु शेष रहे फरार आरोपी जय सिदार उर्फ सददू पिता हरिचंद्र उम्र 20 साल निवासी धनगांव थाना पुसौर हाल मुकाम धांगरडीपा बावली कुआं शीतला मंदिर सुधीर सिदार का घर थाना कोतवाली रायगढ़ को आज मुखबीर सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## बिंजकोट में एसपीजीसीएल की वार्षिक खेल प्रतियोगिता आरंभ



**रायगढ़।** मेसर्स एसकेएस पावर जनरेशन लिमिटेड ग्राम बिजकोट में एसपीजीसीएल स्पोर्टस एवं कल्चरल कमेटी के द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 19 जनवरी की दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि कारखाना अधिभोगी, मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग प्रमुख अमर सिंह के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर सिंह के द्वारा क्रिकेट मैदान में कारखाने की भाग लेने वाली सभी 10 टीमों एवं उनके कप्तान से खेल परिसर में हीं बारी बारी से औपचारिक परिचय कर सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में क्रिकेट पिच का निरीक्षण कर फीता काटकर तथा टॉस कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि अमर सिंह एवं ऑपरेशन मेंटनेंस विभाग प्रमुख एमएस भगत के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बल्लेबाजी एवं बालिंग कर खेला गया।

टॉस ऑपरेशन विभाग एवं एमएमडी विभाग की क्रिकेट टीम के मध्य हुआ जिसमें टॉस ऑपरेशन विभाग की टीम के कप्तान रवि किरण ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। एमएमडी विभाग के कप्तान नवीन वर्मा की क्रिकेट टीम ने फिल्डिंग एवं बालिंग ली।

जिसमें ऑपरेशन विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में 3 विकेट खोकर शानदार 128 रन बनाए। जवाब में एमएमडी विभाग की टीम ने 10 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 67 रन हीं बना सकी, इस तरह ऑपरेशन विभाग की टीम नें धुंआधार प्रदर्शन करते हुए 61 रनों से पहले मैच में जीत हासिल की।

## स्वर्ण भूमि में निकली शोभायात्रा

**बिलासपुर।** अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्वर्णभूमि कॉलोनी में उल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्णभूमि में दो दिनों से धार्मिक आयोजन हुए। यहाँ अखंड रामायण, शोभा यात्रा, शबरी की कुटिया के साथ, राधा कृष्ण की झांकी, शिव तांडव का भी आयोजन हुआ। रात्रि में भजन गायक प्रवेश शर्मा जीबीकानेर एवं अंजलि द्विवेदी बरेली ने रात्रि भजन संध्या का भव्य आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया।



### रामभक्तों ने कार सेवक ठाकुर राम कसेर का किया सम्मान

**पुसौर।** अयोध्या के भव्य मंदिर में हो रहे भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बस स्टैण्ड पुसौर के गणेश पुजन समिति के सदस्यों ने समूचे नगर में जय श्रीराम के नारे के साथ बाईक रैली निकाली वहीं 1990 के कार सेवक में शामिल ठाकुरराम कसेर को इन्होंने उनके घर जाकर साल श्रीफल से सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इस समिति के सदस्यों ने बस स्टैण्ड परिसर को भगवा झण्डे व तोरण से हर संभव भव्य बनाने की कोशिश की है जिसके लिये कई दिनों से ये तैयारी में रहे। फतेहपुर उत्तरप्रदेश के अस्थायी जेल में रहे ठाकुरराम कसेर ने अब तक जेल में दाखिल और रिहाई के दस्तावेज को सम्हालकर रखे हुए हैं। ठाकुरराम कसेर कार सेवक में शामिल होकर मस्जिद ढहाने के आरोप में अधीक्षक जिला कारगार फतेहपुर द्वारा 28 अक्टूबर 90 को हिरासत में लिया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

## 479 शिविर में 7 लाख से ज्यादा लोग जुड़े



**रायगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली डिजीटल गाड़ी रायगढ़ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन पहुंच रही है। जहां केन्द्र शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभागीय स्टॉल भी लगाए जा रहे है और उन योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। जिले में अब तक 479 शिविर का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 7 लाख 1 हजार 543 लोग इस शिविर में हिस्सा बन चुके है। जिसमें पुरूषों के अपेक्षा लगभग 4 लाख महिलाओं ने अपनी भूमिका निभायी है।

#### 3 लाख से ज्यादा कराया स्वास्थ्य जांच

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य केंद्र लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी की जाती है। इसके अलावा उन्हें गाँव में मुख्यतरू होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचने की सलाह और निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं। शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में अपने स्वास्थ्य की चिंता और स्वस्थ रहने की ललक दिखाई देने लगी है। अब तक हुए शिविर में 3 लाख 76 हजार 31 लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप करवा चुके है।

#### हजारों लाभार्थियों ने साझा किए अनुभव

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उक्त ग्राम के ऐसे सभी लाभार्थी शामिल हो रहे है। जिन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। वे सभी लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपना अनुभव साझा करते हुए अन्य लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित कर रहे है।

### 9 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा ग्राम कोलाईबहार जामगांव में एक व्यक्ति को उसके घर के बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते पकड़ा गया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को कल शाम मुखबीर से सूचना मिली कि कोलाईबहार जामगांव में एक व्यक्ति अपने बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा देहात भ्रमण पर रवाना हुए अपने स्टाफ को तस्दीक कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा कोलाईबहार जामगांव में पतासाजी कर एक व्यक्ति को बाड़ी में अवैध शराब के साथ पकडे जो अपना नाम अजम्बर चौहान पिता सुद्रीव चौहान उम्र 37 वर्ष साकिन कोलाईबहार जामगांव थाना चक्रधरनगर रायगढ़ का रहने वाला बताया।

